आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
बृहस्पतिवार 13.2.2025
समय 07.20

**मुख्य समाचार :–**

- कैबिनेट ने राज्य सड़क सुरक्षा नीति सहित कुल 32 प्रस्तावों को मंजूरी दी। सरकार ने पूर्व विधायकों की पेंशन 40 हजार रुपये से बढ़ाकर 60 हजार रुपये करने का निर्णय लिया।
- नैनीताल जिले के वरिष्ठ अधिवक्ता आलोक मेहरा को उत्तराखंड उच्च न्यायालय का न्यायाधीश नियुक्त किया गया।
- उत्तराखंड में आयोजित 38वें राष्ट्रीय खेलों में देशभर के खिलाड़ियों का पदक जीतने का सिलसिला जारी, पदक तालिका में सर्विसेज पहले, महाराष्ट्र दूसरे और हरियाणा तीसरे स्थान पर पहुंचा।
- **और,** केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह कल हल्द्वानी में राष्ट्रीय खेलों के समापन समारोह को संबोधित करेंगे।

**राज्य सड़क सुरक्षा नीति**

राज्य मंत्रिमंडल ने राज्य सड़क सुरक्षा नीति सहित कुल 32 प्रस्तावों को मंजूरी दी। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में आगामी बजट सत्र को लेकर महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। सत्र से पहले बैठक में करीब एक लाख करोड़ रूपये के बजट पर मुहर लगाई गई है। इसके साथ ही सदन पर रखे जाने वाले अध्यादेशों को मंजूरी दी है। साथ ही सरकार ने पूर्व विधायकों की पेंशन 40 हजार रुपये से बढ़ाकर 60 हजार रुपये करने का निर्णय लिया है। इसके अलावा वर्ष में एक बार बढ़ने वाली विधायकों की धनराशि बढ़ाकर तीन हजार रुपये कर दी गई है। इसके अलावा केदारनाथ धाम और हेमकुंड साहिब के रोपवे को मंजूरी देने के साथ ही प्रस्ताव केंद्र सरकार को भेजने का निर्णय लिया गया। सरकार ने वनाग्नि नियंत्रण के लिए वन पंचायत को 30 हजार रुपये देने व सैनिक कल्याण विभाग को निःशुल्क भूमि देने की मंजूरी की स्वीकृति दी है।

**नियुक्ति**

नैनीताल जिले के वरिष्ठ अधिवक्ता आलोक मेहरा को उत्तराखंड उच्च न्यायालय का न्यायाधीश नियुक्त किया गया है। राष्ट्रपति की मंजूरी के बाद केंद्रीय विधि एवं न्याय मंत्रालय ने उनकी नियुक्ति के आदेश जारी किए।

**प्रधानमंत्री दौरा**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 27 फरवरी को प्रस्तावित उत्तरकाशी जिले के हर्षिल–मुखवा शीतकालीन यात्रा दौरे को लेकर शासन–प्रशासन तैयारियों में जुटा है। इसको लेकर मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने अधिकारियों की बैठक लेकर प्रस्तावित कार्यक्रम की रूपरेखा और तैयारियों की समीक्षा की। मुख्य सचिव ने कार्यक्रम को लेकर संबंधित विभागों को तैयारियां समय के साथ पूरा करने के निर्देश दिए। बैठक में उत्तरकाशी के जिलाधिकारी डॉ. मेहरबान सिंह बिष्ट ने बताया कि प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर जिले में सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं।

**मॉक ड्रिल**

प्रदेश में फायर सीजन से निपटने के लिए वन विभाग ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। इसके लिए जिलो में मॉक ड्रिल की जा रही है। इसी क्रम में टिहरी जिले के वन प्रभाग रेंज के अंतर्गत चावाल खेत में वनाग्नि प्रबंधन को लेकर मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। इस मौके पर एसडीओ जन्मेजय चंद रमोला ने बताया कि 15 फरवरी से 15 जून तक फायर सीजन से निपटने के लिए सभी तैयारियां की जा रही हैं। वनाग्नि संबंधी सूचनाओं के लिए 52 क्रू स्टेशन स्थापित किए गए हैं। प्रत्येक क्रू स्टेशन में चार फायर वाचर तैनात किए जा रहे हैं।

सहकारिता मंत्री

सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा है कि ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार सृजन और खुशहाली दोनों ही सहकारिता के माध्यम से संभव हैं। नई दिल्ली में सहकारिता मंत्रालय की संसदीय सलाहकार समिति की पहली बैठक में श्री शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देशभर के किसानों और ग्रामीण क्षेत्रों के कल्याण के लिए सहकारिता मंत्रालय की स्थापना की और 'सहकार से समृद्धि' का मंत्र दिया। उन्होंने बताया कि मंत्रालय ने त्रिभुवन सहकारी विश्वविद्यालय की स्थापना के लिए विधेयक पेश किया है और इसे जल्द ही संसद द्वारा पारित कर दिया जाएगा। यह विश्वविद्यालय सहकारी क्षेत्रों के पेशेवरों को तकनीकी शिक्षा, लेखा, प्रशासनिक ज्ञान और प्रशिक्षण उपलब्ध करायेगा।

राष्ट्रीय खेल–01

उत्तराखंड में आयोजित 38वें राष्ट्रीय खेलों में देवभूमि समेत देशभर के खिलाड़ियों का पदक जीतने का सिलसिला जारी है। पदक तालिका में सर्विसेज 65 स्वर्ण के साथ पहले और महाराष्ट्र 50 स्वर्ण लेकर दूसरे स्थान पर बना हुआ है, जबकि हरियाणा शानदान प्रदर्शन की बदौलत 39 स्वर्ण पदकों के साथ तीसरे स्थान पर पहुंच गया है। वहीं, उत्तराखंड के खिलाडियों का भी शानदार प्रदर्शन जारी है। अबतक राज्य के खिलाड़ी 22 स्वर्ण, 33 रजत और 42 कांस्य समेत कुल 97 पदक जीत चुके हैं। कल हुई स्पर्धाओं में उत्तराखंड की एथलीट अंकिता ध्यानी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दूसरा गोल्ड मेडल जीता। अंकिता ने यह उपलब्धि 5 हजार मीटर दौड़ में हासिल की, जबकि 2 दिन पहले उन्होंने 3 हजार

मीटर स्टीपलचेज स्पर्धा में गोल्ड मेडल जीता था। आकाशवाणी से बातचीत में अंकिता ने कहा कि उनका अगला लक्ष्य एशिया और वर्ल्ड चैंपियनशिप में प्रतिभाग करना है।

राष्ट्रीय खेल–02

रुद्रपुर के मनोज सरकार स्टेडियम में आयोजित हैंडबॉल पुरुष वर्ग के फाइनल मुकाबले में सर्विसेज की टीम ने हरियाणा को 36–31 से हराकर स्वर्ण पदक जीता। इस प्रतियोगिता में उत्तराखंड को कांस्य पदक मिला। इस अवसर पर नैनीताल लोकसभा क्षेत्र से सांसद और पूर्व केंद्रीय मंत्री अजय भट्ट ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में उत्तराखंड खेलों का हब बन रहा है। राष्ट्रीय खेलों के आयोजन से उत्तराखंड को नई पहचान मिल रही है। श्री भट्ट ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत के पारंपरिक खेलों को न केवल सम्मान की दृष्टि से देखा जा रहा है बल्कि उन्हें वैश्विक पहचान भी मिल रही है।

38वें राष्ट्रीय खेलों का समापन समारोह कल नैनीताल जिले के हल्द्वानी स्थित अंतरराष्ट्रीय स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में होगा। समारोह की तैयारियां जोरों पर हैं। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह राष्ट्रीय खेलों के समापन समारोह को संबोधित करेंगे। इस बीच, खेल मंत्री रेखा आर्य ने कल देर शाम तैयारियों का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय खेलों का समापन समारोह भव्य होगा।